हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 हम सबको भगवान कृष्ण के मार्ग का अनुसरण कर समाज ...





12 बीएसपी में हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल ...




## खबर संक्षेप

### विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान महाभियान 24 को

**बेमेतरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु स्मृति भवन भवन बेमेतरा के तत्वावधान में 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि 24 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवाकेन्द्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है। ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने बताया कि बेमेतरा के रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय तथा जिला अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा। अतः इस पुनित कार्य में आप भी सहभागी बन सकते है।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 319 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नेशनल हाइवे और शहर की सड़कों पर रफ वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाते 62, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 20, तीन सवारी दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ 35 और बिना रैश ड्राइविंग करने वाले 22 सहित कुल 319 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 10440 रुपए का चालान काटा है।

सौगात

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया उद्घाटन

# जिला चिकित्सालय में नई सीटी स्कैन मशीन का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री शश्याम बिहारी जायसवाल जिले में एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में नवीन सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण कर मरीजों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक दिपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू, एडीएम अनिल वाजपेयी, जिला सभापति अंजू बघेल, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, सीएमएचओ सहित नागरिक और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

उद्घाटन से पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात उन्होंने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर सीटी स्कैन मशीन का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है, जिससे हृदय रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियों, कैंसर, हड्डियों की चोट एवं अन्य जटिल रोगों की सटीक जांच तुरंत की जा सकेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सुविधा के शुरू होने से जिले के हजारों मरीजों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं ▶▶| शेष पेज 13 पर



### परिसर में मंत्री ने रोपा कदम का पौधा

जिले में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज जिला चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कदम के पौधे का रोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, ये न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर साबित होते हैं। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 13 पर

## वेतन विसंगति दूर करने से संयोजकों ने लगाई गुहार

**बेमेतरा।** ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक लंबे समय से वेतन विसंगति की समस्या से जूझ रहे हैं। इसी मांग को लेकर शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के बेमेतरा आगमन पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।

■ संघ ने मागों से संबंधित ज्ञापन सौंपा

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वर्षों से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार व मुलाकात कर अपनी मांग रखी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बिना किसी सुविधा के गांवों में रहकर 28 राष्ट्रीय कार्यक्रमों और 14 योजनाओं का संचालन करते हैं। इनकी मेहनत पर ही जिले और राज्य का स्वास्थ्य



रिपोर्ट कार्ड तय होता है। संघ ने कहा कि समान योग्यता, प्रशिक्षण और कार्य होने के बावजूद नेत्र सहायक, लैब टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर को 2800 ग्रेड पे मिल रहा है, जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को मात्र 2200 ग्रेड पे दिया जा रहा है। जबकि वे 28 राष्ट्रीय कार्यक्रमों और 14 योजनाओं का सफल संचालन कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा सरकार में कई बार आवेदन, ज्ञापन, धरना और आंदोलन के बाद भी समस्या जस की तस है। अब संवेदनशील भाजपा की डबल इंजन सरकार से उम्मीद है कि वेतन विसंगति की समस्या जरूर दूर होगी।

### इनकी रही मौजूदगी

ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महिला प्रकोष्ठ नंदनी पासवान, जिला उपाध्यक्ष टोपीराम चन्द्राकर, महामंत्री रामावतार साहू, जिला सचिव सुखनाथ गंधर्व, जिला सहसचिव देवेंद्र नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष हिरदेशाय जोशी, जिला प्रवक्ता राकेश बंछोर, मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चन्द्राकर, प्रचार प्रसार मंत्री निलांबर साहू सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने दिया धरना, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर शुक्रवार को तहसील कार्यालय बेमेतरा के सामने जय स्तम्भ चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिले के समस्त 28 संगठनों ने फेडरेशन के बैनर तले अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोला और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। फेडरेशन पदाधिकारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए कई वादे किए थे और उन्हें मोदी की गारंटी बताकर लागू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार बनने के 21 माह बाद भी गारंटी पूरी नहीं की गई। कर्मचारियों ने कहा कि यह कोई नई मांग नहीं है, बल्कि वही है जो सरकार ने स्वयं घोषणा पत्र में शामिल किया था।

■ 21 माह बाद भी सरकार ने गारंटी पूरी नहीं की : पदाधिकारी

### इनकी रही मौजूदगी

धरना स्थल पर जिला संयोजक अश्वनी बैनर्जी, महासचिव नानक राम साहू, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष हितेन्द्र सिन्हा, संभाग अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, लिपिक संघ जिलाध्यक्ष सुधीरहरी श्रीवास्तव, पटवारी संघ, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जलसंसाधन विभाग सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे। पेंशनर्स समाज से भी के.पी. तिवारी, आर.के. वर्मा, रोमन लाल जायसवाल, पी.आर. सिन्हा और परमेश्वर तिवारी ने धरने में हिस्सा लिया। धरना प्रदर्शन की जानकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा के मीडिया प्रभारी के.एस. गोंड परते ने दी।

### एनएचएच कर्मियों ने मांगें पूरी करने खून से लिखा पत्र

**भिलाई।** गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के 16 हजार कर्मचारियों का हड़ताल का चौथे दिन जारी रही। जिसमें स्वास्थ्य विभाग विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा मुखौटा पहनकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के लिए कहीं गई मांग को दिखाया गया । स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा 5 एमएल खून निकलवा कर एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करो सरकार लिखा गया। उनका कहना था कि सरकार जब शिक्षा विभाग को रेगुलर कर सकते हैं।




# बीएसपी में हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन, भत्ता, बढ़ रहा है असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सबसे बड़े संयंत्र भिलाई इस्पात संयंत्र में विपरीत परिस्थितियों में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन और सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। बोनस भी सभी मजदूरों को नहीं मिलता है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने ठेका श्रमिकों की सुविधाओं और वेतन वृद्धि को लेकर बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से श्रमिकों को एस-11 बीएसपी कर्मचारी के वेतन के बराबर न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन सहित बोनस व अन्य सुविधाएं जल्द प्रदान करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन वेतन और सुविधाएं भी नहीं के बराबर हैं। बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध और ठेका प्रकोष्ठ जेएन ठाकुर और महाप्रबंधक विकास चंद्र से स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू के साथ यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा कर मजदूरों और निदेशक प्रभारी बीएसपी से मजदूरों को न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन व अन्य सुविधाएं जल्द प्रदान करने की मांग की । श्री साहू ने बताया कि ठेका श्रमिक उत्पादन और उत्पादकता में 70% का योगदान दे रहे हैं। श्रमिकों को 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए। उन्हें संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की और मोटरसाइकिल ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए।

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने बीएसपी महाप्रबंधक के साथ की बैठक



### अनुभव के आधार पर काम

यूनियन ने कहा कि प्रबंधन से मांग की कि बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों का 20 लाख का दुर्घटना बीमा करने, ठेका श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने एवं सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थिति के साथ ठेका शुरू होने के 1 माह पूर्व मेडिकल किया जाए। साथ ही ठेके में आईटीआई और 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को खत्म कर अनुभव के आधार पर रखा जाए। ठेका कंपनी बदलने पर भी पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए।

### अलाउंस व मिले इंसेंटिव

मजदूरों को रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट और डस्ट अलाउंस दिया जाए। वेतन पर्ची,लीव कार्ड और अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। साथ ही मंथली इंसेंटिव और नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बीएसपी स्कूलों में श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षण मिले और बीएसपी के तहत एचएससीएल द्वारा किए जा रहे कार्य का आईआर क्लीयरेंस बीएसपी आईआरसीएलसी द्वारा किया जाए। महासचिव संजय साहू ने बताया कि सभी मांगों पर महाप्रबंध ने जल्द उच्च प्रबंधन से चर्चा कर निराकरण का आस्वासन दिया है। बैठक में यूनियन की ओर से सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, गुरुदेव साहू और सुरेश श्याम कुमार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### इंदौर स्वच्छता मॉडल का अवलोकन करने मेयर व पार्षद रवाना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की पूरी टीम मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता मॉडल को देखने कार्यशाला में शामिल होंगे । जिसके लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के टीम ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इंदौर मॉडल का अवलोकन कर अनुकरण करना है। जिससे आने वाले समय में भिलाई शहर का सर्वेक्षण में बेहतर स्थिति रहे और हमारा शहर 3 से 10 लाख वाले शहर में प्रथम स्थान रहे। इंदौर शहर के इस भ्रमण से शहर की विकास, व्यवस्था और साफ सफाई में और सुधार आएगी। भ्रमण में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, मन्नान गफ्फार खान, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे।

### सीसीडी में संविदा कर्मियों को सुरक्षा मित्र सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 50 संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा मित्र सम्मान सम्मानित किया गया। इन संविदा कर्मियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा, हाउसकीपिंग, अनुशासन और कल्याण में योगदान दिया है। मुख्य अतिथि सीजीएम तुलाराम बेहरा थे। विजेताओं का चयन सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, अग्निशामक यंत्र प्रयोग प्रतियोगिता और सुरक्षा गीत प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। मुख्य अतिथि नेसेलम द्वारा निर्मित इस्पात उत्पादों से बने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जे सिंह, एमएस नाइक व एसबी पाटिल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय महाप्रबंधक बीसी मंडल, सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार और प्रवीण शर्मा आदि का योगदान रहा। संचालन प्रदीप मेनन,आशुतोष प्रहान ने निभाया। राकेश कुमार व हेमराज के निर्देशन में सुरक्षा पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि, नियमित एवं संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

## रामनगर मुक्तिधाम में गीली लकड़ी से शव को जलाने में हो रही परेशानी

# दाह संस्कार के लिए 101 रुपए में लकड़ी जलाने के लिए लग रही 3 हजार की राल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में शवों को सद्गति देने परिजनों को जूझना पड़ रहा है। उनकी भावनाएं भी आहत हो रही है। इसलिए कि संसार छोड़ने के बाद उनका अंतिम संस्कार भी ठीक से नहीं कर पा रहे। भिलाई निगम इस मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए 101 रुपए में लकड़ी मुहैया करवाकर परिजनों के प्रति संवेदना जरूर दिखा रही है लेकिन दिक्कतों ने इसे औपचारिक ही कर दिया है। दुखी परिवार को बारिश में गीली लकड़ियां मिल रही है। परिजनों को ऐसी लकड़ियों को जलाने के लिए 3 हजार रुपए रॉल पर खर्च करने पड़ रहे हैं। इससे अंतिम संस्कार में समय भी ज्यादा लग रहा है। मृतकों के परिजनों को इस तरह की दिक्कतों का सामना करना इसलिए पड़ रहा है कि लकड़ी खुले में ही स्टॉक किया गया है। ऐसी कोई वैकल्पिक इंतजाम की जरूरत है कि लकड़ी सूखी रहे जिससे दाह क्रिया आसानी से किया जा सके।

### खुले में डंप होने से बारिश में लकड़ी हो रही गीली



### हर दिन हो रहे हैं 15 से ज्यादा अंतिम संस्कार

रामनगर मुक्तिधाम शहर के बीच में हैं। घनी आबादी वाले हिस्से में यह मुक्तिधाम है। सेक्टर एरिया में मुक्तिधाम की सुविधा नहीं होने की वजह से यहां के ज्यादातर शवों का अंतिम संस्कार यहीं होते हैं। इन दिनों मुक्तिधाम में हर रोज 15 से ज्यादा मृतकों का अंतिम संस्कार हो रहे हैं। यानी महीने में 450 शवों का अंतिम संस्कार हो रहे हैं। पिछले दो महीने से बारिश हो रही है और यहां पड़ी लकड़ियां यूं ही भींग रही है। एक महीने और बारिश का सीजन है। ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए उपयोग के लिए आने वाली लकड़ियां सूखी रहे यह आवश्यक हो गया है।

### हाईटेक मुक्तिधाम अभी दूर की कौड़ी

रामनगर मुक्तिधाम को हाईटेक बनाने के लिए निगम ने मेसर्स चौहान स्टेट के प्रस्ताव को 28 मार्च 2025 के विशेष सम्मेलन में मंजूरी दी है लेकिन इस कार्य को अंजाम देने में समय लगेगा। इसलिए मृतकों के परिजन वर्तमान सुविधा को व्यवस्थित करने पर जोर दे रहे हैं। चौहान स्टेट द्वारा यहां शवदाह के निःशुल्क गोबर के कंडे उपलब्ध कराया जाएगा। जर्जर हॉल को तोड़कर मल्टीपरपस हॉल बनना है। हॉल में एलईडी स्क्रीन लगेगा जिसमें मृतक व्यक्ति का बॉयोग्राफी चलाई जाएगी। लॉन, चेयर, बाउंड्रीवॉल, टायलेट, यूरिनल जैसी सुविधाएं भी जुटाना है।

### एक शव की क्रिया में ही लग रहे हैं 10 किलो राल

रामनगर मुक्तिधाम में आए मृतक के परिजनों ने बताया कि इन दिनों एक शव का अंतिम संस्कार करने में कम से कम 10 किलो राल की जरूरत पड़ रही है। लकड़ियां इतनी गीली है कि पूरे अंतिम क्रिया तक राल का ही उपयोग हो रहा है। एक किलो राल बाजार में 300 रुपए प्रति किलो के भाव से खरीद कर लाते हैं। इस हिसाब से एक मृतक के अंतिम संस्कार में राल ही 3 हजार रुपए की खर्च हो रही है। एक मृतक के लिए निगम द्वारा 9 मन यानी 360 किलो लकड़ियां उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसके लिए केवल 101 रुपए ही निगम ने शुल्क रखा है।

### यूरिनल व टॉयलेट की भी सुविधा नहीं

परिजनों ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम में यूरिनल और टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं है। एक शव के अंतिम संस्कार में करीब तीन घंटे लगते हैं। इतने समय तक बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। पूरे दिन अंतिम संस्कार होते रहते हैं। इस हिसाब से यहां हजारों लोग होते हैं। इस दौरान लोगों को यूरिन और टॉयलेट की जरूरत पड़ी तो उन्हे दिक्कतें उठानी पड़ती है।

### विद्युत शवदाह में रुचि नहीं परिजनों की

रामनगर मुक्तिधाम में आठ महीने पहले ही विद्युत शवदाह की सुविधा भी शुरू की गई है लेकिन ज्यादातर लोग अब भी पुराने पद्धति से ही दाह संस्कार कर रहे हैं। यानी लकड़ी और कंडे से ही शव जलाने की परंपरा निभा रहे हैं। विद्युत शवदाह का इस्तेमाल लावारिस शवों के लिए ही हो रहा है।

### करवाएंगे सूखी लकड़ी की व्यवस्था

“ रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ी गीली न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी। जिससे अंतिम संस्कार के लिए कोई दिक्कत न हो। इस मुक्तिधाम को अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस करने के लिए चौहान स्टेट की कार्ययोजना को भी हमने मंजूरी दे दी है।

**राजीव कुमार पांडेय,** आयुक्त निगम

# जेएलएन हास्पिटल में दवाई वितरण सुधारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में बीएसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने अस्पातल में दवाई वितरण व्यवस्था जल्द सुधारने की मांग की।

■ भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक में मेडिकल समस्या के निदान की मांग

बैठक में मांग की गई कि अस्पताल और मेन मेडिकल पोस्ट में दवाईयां वितरण कराने के लिए कर्मचारियों को घंटों तक खड़े रहना पड़ रहा है जिससे कर्मचारियों में प्रबंधन के प्रति रोष है। इसके अलावा केज्युअल्टी में कुर्सियों और ट्रालियो की समस्या का भी निदान हो। तीन नई ईसीजी मशीन उपलब्ध कराया जाए, जिसमे दो मशीनो को कार्य में लिया जाये एवं एक अतिरिक्त मशीन उपलब्धता व मैनपॉवर जल्द बढ़ाने की मांग की गई। फार्मेसी, रेडियोलॉजी, नर्सिंग, ड्रेसिंग और अटेंडेंट की भर्ती शीघ्र किया जाए। ई- ओ में प्रोमोट हुए नर्सिंग सिस्टर को वार्ड इंचार्ज बनाया जाये । रेपलर बोर्ड में रेफर किए जाने वाले पेशेंट उनके अटेंडर का विलिंगनेस कनसिडर किया जाए। विभिन्न विभागों में विभाग प्रमुख के पद पर नियुक्त के कार्यो से उन्हें मुक्त किया जाए। संयंत्र भवन के हॉस्पिटल में एक्स रे मशीन को पुन चालू किया जाए। एव फार्मेसी को पुन चालू किया जाये ।बीएसपी कर्मियो के आश्रित रोगियों का दवाइयाँ रिपीट मेन मेडिकल में नहीं हो रहा है ।

### दो अटेंडरों की लगे ड्यूटी

यूनियन ने एमआरआई के दौरान डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य कर वार्ड में भर्ती के दिन ए व बी शिफ्ट में दो अटेंडरों का ड्यूटी लगायी जाए। सेक्टर 1 अस्पताल में ड्रेसर की भी जल्द नियुक्ति हो । बैठक में महामंत्री चन्ना केश्वलू, उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा सहित सुधीर गडेवाल,मृगेंद्र कुमार ,डिल्ली राव, शारदा गुप्ता,विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ वर्मा, संतोष जगन्नाथ नाले,राजेश बघेल थे ।

## चिकित्सा कर्मचारी कल्याण संघ का 28 को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, विधायक रिकेश होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से भेंट कर सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में शिरकत करने उन्हें आमंत्रित किया है। संघ के संरक्षक राकेश सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 5 लाख कर्मचारी एवं उनके परिवार की प्रमुख मांग कैशलेश चिकित्सा सुविधा रही है।

संघ की इस मांग का समर्थन करते हुए विधान सभा में विधायक रिकेश सेन ने प्रश्न भी लगाया जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने का आश्वासन दिया गया। श्री सेन की अभिनव पहल से संघ ने आगामी सम्मेलन हेतु उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण दिया है। 28 अगस्त को होने वाले संघ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से लगभग 500 सदस्य और पदाधिकारी पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा विधायक रिकेश सेन को मुख्य अतिथि, भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के विशेष आतिथ्य में कर्मचारी सम्मेलन लोकांगन वैशाली नगर भिलाई में सुबह 9 बजे से 5 बजे शाम तक किया जा रहा है जिसकी तैयारियां जोर शोर से जारी है।

# बीएसपी में प्रबंधकीय सर्जरी, दो जीएम ने दिए इस्तीफे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन और प्रबंधकीय कसावट लाने के लिए प्रशासनिक सर्जरी शुरू हो गई है। बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज के पदभार संभालने के बाद वर्क्स और नान वर्क्स में वरिष्ठ अफसरों के तबादले का सिलसिला शुरू हो गया है। कई अधिकारियों के बीएसपी में अंतरविभागीय स्थानांतरण के साथ अन्य संयंत्रों में भी तबादला हुआ है। इससे वर्षों से एक ही यूनिट में जमे अफसरों में बेचैनी बढ़ गई है। सेल प्रबंधन द्वारा अन्य संयंत्रों में किए गए दो महाप्रबंधकों ने रिजाइन कर दिया है।

गौरतलब हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र में पांच साल डायरेक्टर इंजार्ज रहे अनिर्बान दासगुप्ता दो माह पूर्व रिटायर हो चुके हैं। महीनेभर पूर्व बतौर डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महापात्रा से सेल प्रबंधन को सेल के उत्पादन विस्तार से लेकर नई रेल एवं स्ट्रक्चर मिल के निर्माण और टाउनशिप की सहूलियत तक बड़े असाइमेंट्स को लेकर बड़ी अपेक्षाएं हैं। इसके लिए उन्हें एक अनुभवी और संजीदा टीम की जरूरत होगी। इसके लिए उन्हें सेल प्रबंधन ने फ्रीहैंड छोड़ दिया है। इस दौरान उच्च प्रबंधन द्वारा दो खेप में दस महाप्रबंधकों का अन्य इस्पात संयंत्रों और दर्जनभर अफसरों का बीएसपी में ही अन्य विभागों में ट्रांसफर किया जा चुका है। अन्य संयंत्रों में स्थानांतरित किए गए दो महाप्रबंधकों ने पारिवारिक व अनिवार्य कारण बताते हुए इस्तीफा दे दिया है। इनमें महाप्रबंधक (पीपीपी) से महाप्रबंधक आरएसएम (राउरकेला स्टील प्लांट) भेजे गए सप्तऋषि सेनगुप्ता और जीएम (वित्त बीएसपी) से जीएम बर्नपुर स्टली प्लांट स्थानांतरित राजेश नायर ने रिजाइन कर दिया है। बाकी अन्य सभी महाप्रबंधकों के रिलीविंग आर्डर जारी हो चुके हैं । स्थानांतरित महाप्रबंधकों में वीएमवी कृष्णा जीएम पीपीपी बीएसपी से जीएमआईएसपी इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर, आरके मुखर्जी जीएम यूआरएम बीएसपी से जीएम आईएसपी, अशरफ सिद्दीकी जीएम हैवी मेंटेनेंस बीएसपी से जीएम हैवी मेंटेनेंस आरएसपी टाउनशिप, मनोज जैन जीएम पीपीपी बीएसपी से सीसी आरएसपी, सूरज सोनी जीएम एचआर बीएसपी से जीएम सीएमएल ( सेंट्रल माइंस आर्गेनाइजेशन) दिल्ली, ललित खन्ना जीएम फायनेंस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली, एच शेखर जीएम एचआर बीएसपी से एचआर बोकारो स्टील प्लांट, पीपी प्रभाकर जीएम पर्चेस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली और ललित जैन जीएमफायनेंस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली शामिल हैं।

### राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों पर गिर सकती है गाज

बीएसपी में तीसरी खेप में जल्द ही कुछ और अधिकारियों पर तबादले की गाज गिर सकती है। इनमें वर्क्स और नान वर्क्स में पांच या इससे अधिक साल से जमे और अपने असाइनमेंट व ड्यूटी में कोताही बरतने वाले अफसर बताए जा रहे हैं। उत्पादन, उत्पादकता और सेवाओं से जुड़े कुछ अधिकारियों की चर्चा है। राजनीतिक गतिविधियो में व्यस्त रहने वाले बड़े राजनीतिक दलों से जुड़े कई अधिकारी व कर्मचारी बीएसपी के हर नए मुखिया के नियुक्ति पर चर्चा में रहे हैं।

## एचटीसी को सर्वेश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अदाणी सीमेंट की नेशनल लॉजिस्टिक मीट 2025 अहमदाबाद गुजरात में आयोजित की गई। जिसमें हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी एचटीसी को छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस पर एसटीसी के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह छोटू ने अदानी सीमेंट और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। अदानी सीमेंट के सीईओ विनोद बाहेती, सीएफआई राकेश तिवारी इस दौरान मौजूद थे। उनके द्वारा एचटीसी दलबीर सिंह एंड संस को यह सम्मान प्रदान किया गया।

## गुणवत्ता को परखने पहुंचे निगम के अधिकारी

# आयुक्त ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, डोम शेड, सीमेंटीकरण रोड एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया गया।

आयुक्त ने वार्ड 45 में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का निरीक्षण किया। पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 5000 परिवारों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। साथ ही निचली बस्तीयों में कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पाता, उन्हे भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने श्रीराम चौंक समीपस्थ गली अंदर किए गए सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया। सीसी रोड के निर्माण हो जाने से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

वार्ड 51 में पूर्व से निर्मित इंडोर स्टेडियम है, जिसका संधारण कार्य प्रगति पर है, उक्त स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्य शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है। सामने रिक्त स्थल में स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे से चर्चा की । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।

## संभागीय शिक्षा के नए जेडी हेमंत ने संभाला कार्यभार

**दुर्ग।** संभागीय शिक्षा दुर्ग के नए संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। वहीं तत्कालीन संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर को बिदाई दी गई। उपाध्याय प्रभारी संयुक्त संचालक के पद पर सरगुजा में पदस्थ थे। वर्तमान संयुक्त संचालक ठाकुर अब लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में उप संचालक बनाए गए हैं। हेमंत उपाध्याय ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालयीन अधिकारियों व कर्मचारियों से यहां की कार्यों की जानकारी ली। इसके पहले भी उपाध्याय संभागीय शिक्षा कार्यालय में उप संचालक के पद पर रह चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के पद पर लंबी सेवाएं दे चुके हैं। दो बार इस पद पर यहां रहे। अविभाजित दुर्ग जिले के डीईओ पद भी संभाल चुके हैं। राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी भी रहे। वर्तमान दुर्ग संभाग के जो जिले आते हैं उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा की स्थिति, संसाधनों आदि से वाकिफ रहे हैं इसलिए दुर्ग संभाग की शिक्षा को नए आयाम देने में एक सशक्त अधिकारी साबित हो सकते हैं।

# शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़, आदिवासी समाज का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग




छत्तीसगढ़ के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर योद्धा और हमारे पुरोधा शहीद वीर नारायण सिंह की दुर्ग में स्थापित प्रतिमा के शिलालेख पर असामाजिक तत्वों द्वारा कालिख पोतकर क्षति पहुंचाने का शर्मनाक कृत्य किया गया है। यह न केवल एक प्रतिमा पर हमला है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा और छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर कायराना प्रहार है।

■ अभा एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

अखिल भारतीय एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कौशल वर्मा, राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम, प्रदेश महासचिव पवन दिल्लीवार, युवा प्रदेश अध्यक्ष अजय साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष पोषण साहू, नारायण गंगबेर, विकास निषाद, रोहित गायगवालिन, राजेंद्र मारकण्डे, नंदलाल साहू, मोहन साहू, जीएल मंडावी, ऊषा ठाकुर, ऊषा मंडावी, और युवा प्रदेश टीम के नेतृत्व में इस घृणित कृत्य के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सार समाचार



**राजनांदगांव।** भक्ति मंडल के नाम पर महिलाओं की ऐसी संस्था जो प्रत्येक माह की दोनों एकादशी के दिन अपने सदस्यों के यहां भजन आयोजित करती है। उक्त संस्था द्वारा श्री अग्रसेन भवन में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने भक्तिभावपूर्वक भजनों का आनंद उठाया।

### मोतीपुर में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर आज

**राजनांदगांव।** शासकीय भवन आजाद चौक मोतीपुर राजनांदगांव में कल 23 अगस्त को सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा जनमानस का प्रकृति परीक्षण एवं काढा वितरण भी किया जाएगा। आयुष विभाग ने शहर के नागरिकों से उक्त आयोजित निःशुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई - अमरनाथ

**राजनांदगांव।** कन्हारपुरी राजनांदगांव निवासी 26 वर्षीय आकाश साहू पिता तुलसी साहू का कन्हारपुरी वार्ड के तिरंगा चौक में नगर निगम द्वारा बीच सड़क पर खोदे ठहरा नाली के गड्ढा में मोटर साइकिल सहित गिर जाने के कारण दो दिन पूर्व दर्दनाक मौत हो गई। जिनका 4 माह पूर्व ही विवाह हुआ था। इस घटना पर जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने दुख व्यक्त करते निगम प्रशासन व ठेकेदार की लापरवाही को समाज के युवक के मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना का जांच कर निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही पीड़ित परिवार को राहत राशि दिन जाने की मांग की गई है।

### दो दिवसीय क्रीड़ा व बौद्धिक स्पर्धा आयोजित



**डोंगरगांव।** जिला ग्राम भारती राजनांदगांव ने दो दिवसीय क्रीडा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मोहड़ में किया। स्पर्धा में अर्जुनी, मोहड़, आसरा, आमगांव, तुमड़ीबोड, टेडेसरा और खुज्जी विद्यालय के 287 भैया-बहनों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। हर्षा ने गोला फेंक, तवा फेंक एवं ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतिवर्ष की भांति सोहम साहू ने इस बार भी गीता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मी. दौड़ में हिमांशु एवं दीपिका प्रथम, गुलशन बाधा दौड़ में प्रथम एवं 100 मी. में द्वितीय, ऊंची कूद वेदांत निषाद प्रथम, एनोश तवा फेंक एवं हिमांशु गोला फेंक में द्वितीय, रिले रेस में द्वितीय, कथा कथन वेदांत साहू प्रथम, मूर्तिकला कान्हा प्रथम, प्रहलाद वर्ग छविकांत गीता पाठ प्रथम एवं कथा कथन द्वितीय, गीत में खुशबू साहू प्रथम, फुगडी सेजल प्रथम, मितान दौड़ विकास द्वितीय आदि सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना एवं अपने विद्यालय का मान बढ़ाया।

### सांसद, विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों को ठहराया जिम्मेदार

# मोहला की खस्ताहाल सड़क पर युवाओं का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय मोहला की खस्ताहाल सड़कों को लेकर आज स्थानीय युवाओं का गुस्सा फुट पड़ा। युवा आज शुक्रवार दोपहर दो बजे बस स्टैंड में एकत्रित हुए और बस स्टैंड से कलेक्टोरेट तक अनोखी रैली निकालकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। बस स्टैंड से युवा बाजे-गाजे के साथ रैली निकाले और खस्ताहाल सड़क की स्थिति को लेकर रास्तेभर मिठाई बांटे, फटाखे फोड़े और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया है।

इसके साथ ही युवाओं ने इस विरोध प्रदर्शन में सांसद संतोष पांडे, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, मोहला-मानपुर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों और स्थानीय सरपंच का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी युवाओं ने जिला मुख्यालय मोहला की सड़क की जर्जर स्थिति के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताया है।




#### सौंपा ज्ञापन

दोपहर दो बजे लाल श्याम शाह की पूजा-अर्चना के साथ बस स्टैंड से निकली विरोध रैली दुर्गा चौक, जयस्तंभ चौक, फौव्वारा चौक होते हुए आज शाम 4 बजे कलेक्टोरेट पहुंची और जहां सड़क की स्थिति को सुधारने के लिए जिला कलेक्टर तुलिका प्रजापति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

#### जमकर की नारेबाजी

प्रदर्शनकारी युवाओं ने विरोध प्रदर्शन रैली के दौरान कलेक्टर हटाओ, मोहला बचाओ, जिला प्रशासन होश में आओ, मोहलावासी होश में आओ जैसे नारे भी जमकर लगाए है। इसके साथ ही युवाओं ने रैली के दौरान स्थानीय व्यापारियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सड़क की जर्जर स्थिति के लिए उन्हें मैं हूं जिम्मेदार का पोस्टर पकड़वाकर मिठाई खिलाई और फूल-माला पहनाकर फोटो खिंचवाई और जोरदार प्रदर्शन किया है।

#### हफ्तेभर का अल्टीमेटम

युवाओं ने सड़क की मरम्मत करने जिला प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। युवाओं ने बताया कि 7 दिवस के भीतर जिला प्रशासन द्वारा सड़क का उचित मरम्मत नहीं किया जाता है तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। रैली के दौरान स्थानीय पुलिस बल भी सुरक्षात्मक दृष्टि से तैनात रहा। इस अनोखे प्रदर्शन को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ भी जमा होती रही।

## डायरिया का प्रकोप, साठ से अधिक उल्टी-दस्त से बीमार



**मोहला।** विकासखंड के सेम्हरबांधा में तकरीबन साठ से अधिक महिला-पुरूष और बच्चे उल्टी-दस्त से बीमार हो गए। उल्टी-दस्त के मरीज अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए हैं, जहां उनका ईलाज जारी है। दूसरी तरफ स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। बताया जा रहा है कि सेम्हरबांधा के एक मोहल्ले में हैंडपंप के दूषित पानी पीने से साठ से अधिक लोग बीमार हो गए, जिन्हें एक-एक कर अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिनका इलाज जारी है। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ कर्मचारियों के हड़ताल से व्यवस्था चरमरा गई है।

#### स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैम्प

जिला सीएमएचओ विजय खोब्रागढ़े ने बताया कि सेम्हारबांधा में पानी की पाईप लाइन एक दलदल से होकर गुजरने वाली पाईप फूटने के कारण पानी दूषित हो गया। जिसके कारण दूषित पानी पीने की वजह से उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ गए। पाईप लाइन को बंद कराया गया है। साथ ही गांव में कैम्प लगाकर उपचार किया जा रहा है।

#### पांच मरीजों को राजनांदगांव किया गया रिफर

जिला स्वास्थ्य अधिकारी खोब्रागढ़े ने बताया कि दूषित पानी पीने की वजह से पांच मरीज की हालत को देखते हुए राजनांदगांव रिफर किया गया है। कर्मचारियों की हड़ताल से उपचार में कोई बाधा नहीं आ रही है। डॉक्टरों की टीम निगरानी बनाए हुए हैं।

## आधुनिक भारत के सूत्रधार थे राजीव : कांग्रेस

**राजनांदगांव।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का 20 अगस्त को 81वां जन्मदिवस पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा कर विविध आयोजन पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया गया। संगोष्ठी सभा का संचालन करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों द्वारा स्व.राजीव गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए जो कार्य किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह उल्लेखनीय है। यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है, ताकि देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने कहा कि आज जो नए भारत विकसित भारत दिख रहा है, उनके दूरगामी सोच का नतीजा है, किन्तु विपक्षी पार्टी उनके किए गए कार्यों को अपने नाम बताकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है। छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि दूरगामी सोच के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध थे राजीव गांधी। त्रिस्तरीय पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती के लिए कई अहम फैसले लिए। शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी के समावेशी विकास की दूरदर्शितापूर्ण सोच के साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, संचार क्रांति एवं युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे निर्णयों से उन्होंने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी।


## पेज 11 के शेष

### जिला चिकित्सालय में ...

में गुणवत्ता के साथ-साथ तेजी भी आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और मरीजों की सुविधा हेतु विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता, मरीजों की देखभाल एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन से यह भी जानकारी ली कि चिकित्सालय में आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में है या नहीं। उन्होंने दवा भंडार कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं के स्टॉक की स्थिति देखी और कहा कि किसी भी हालत में मरीजों को आवश्यक दवाओं के लिए बाहर भटकना न पड़े। उन्होंने डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने और समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा। मंत्री ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था होना चाहिए ताकि मरीजों और परिजनों को स्वच्छ वातावरण मिले।

### परिसर में मंत्री ने रोपा ...

जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ और उनकी देखभाल करें ताकि आने वाले समय में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार हो सके। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल के चिकित्सकगण, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा आम नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।



खबर संक्षेप



## किसानों के साथ अन्याय कर रही भाजपा सरकार : छाबड़ा

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बिजली कटौती से परेशान किसानों पर दर्ज हुए आपराधिक मामलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार किसानों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही, तो लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना कोई अपराध नहीं है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों के सामने कोई और विकल्प नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली का अतिरिक्त उत्पादन होने के बावजूद, साय सरकार अन्य राज्यों को बिजली दे रही है, जबकि बेमेतरा के किसान अल्प वर्षा और बिजली की कमी के कारण लाखों रुपये की फसल बर्बाद होने से परेशान हैं। छाबड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि बेमेतरा जिले में ट्रांसफार्मर की कमी है और बिजली घंटों तक गुल रहती है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी किसानों के फोन नहीं उठाते और उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सत्ता स्थायी नहीं होती और समय बदलने पर ऐसे अधिकारियों को याद रखा जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी, और वे विधायक पद पर न होते हुए भी जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## गणित और बायोलॉजी से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी भी प्रवेश पा सकेंगे डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स में

**बेमेतरा।** छग शासन एवं दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम चोरभट्टी में गत चार वर्षों से संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी प्रवेश देने की अनुमति प्रदान की गई है। 12वीं के अकों के मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। यह निर्णय जिले के उन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर किया गया है जिनके पास गणित एवं बायोलॉजी विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात तकनीकी शिक्षा के समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होते। उल्लेखनीय है कि चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय चार सेमेस्टर पाठ्यक्रम में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये सक्षम युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्राओं के लिये नौकरी एवं व्यवसाय के बहुविकल्प उपलब्ध रहते हैं। जिससे एक ओर जिले एवं प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से उपलब्ध होता है तथा दूसरी ओर प्रदेश में स्थापित शासकीय अर्थशासकीय एव निजी डेयरी संस्थाओं की अन्य प्रदेशों के सक्षम युवाओं पर निर्भरता कम होती है। अभी संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विशेष रूप से गणित एवं बॉयोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिये डेयरी सेक्टर में अपना भविष्य सुनिश्चित करने का यह सुनहरा अवसर है।

# शिक्षा मंत्री गजेन्द्र का बेमेतरा में भारी बरसात में भी भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शुक्रवार शाम जिला कबीरधाम से संघ की बैठक से लौटते हुए बेमेतरा पहुंचे। तेज बारिश के बीच भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह उनका गर्मजोशी और जोश के साथ भव्य स्वागत किया, जिससे इलाके में उत्साह का माहौल बन गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रशासन ने मंत्री के स्वागत और बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री यादव का सरल व्यवहार और जनता से संवाद करने का तरीका उन्हें जनता के और करीब लाता है। श्री यादव के स्वागत में विधायक दीपेश साहू,विधायक ईश्वर साहू ,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,शहर भाजपा अध्यक्ष युगल देवांगन,दीपक मोटवानी,योगेश वर्मा, परमेश्वर वर्मा, मोंटी साहू,राजकुमार चौहान, नीतू कोठारी, विकास तंबोली,सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेताओं की मौजूदगी रही। प्रशासन की ओर से कलेक्टर रणवीर शर्मा ,अनिल बाजपाई,एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात मंत्री यादव ने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों व शिक्षक संघ के साथ वन-टू-वन मुलाकात की।

### मंत्री यादव ने जिले की शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जायजा लिया**

इस दौरान उन्होंने लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के स्कूलों की वर्तमान स्थिति का विस्तार से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को प्राथमिकताः मंत्री**

हरिभूमि से बातचीत में मंत्री यादव ने कहा, शिक्षा विभाग में संभावनाएं बहुत हैं। यदि योजना और संसाधनों का सही उपयोग किया जाए, तो बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना आसान होगा। जिला स्तर पर सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि वह जिले के स्कूलों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की समस्याओं को समझने के लिए नियमित निरीक्षण करेंगे और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएंगे। मंत्री ने यह भी भरोसा दिलाया कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि हर बच्चे तक शिक्षा का लाभ पहुंच सके।

### आयोजन : कृष्ण जन्माष्टमी एवं हंडी फोड़ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक साहू

# हम सबको भगवान कृष्ण के मार्ग का अनुसरण कर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के बेसिक ग्राउंड में यादव ठेठवार समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं भव्य कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वहीं कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा भी उपस्थित रहे । सुबह भव्य कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकलकर बेसिक ग्राउंड पहुँची। यात्रा में सैकड़ों महिलाएँ सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, भजन मंडलियों और आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक दीपेश साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



उन्होंने अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर धर्म की स्थापना की और समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का संदेश दिया। जन्माष्टमी जैसे पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। आज की भव्य कलश यात्रा ने यह साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है तो हर कार्य संभव है।उन्होंने आगे कहा कि यादव ठेठवार समाज ने सदैव सामाजिक सरोकारों और संस्कृति के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी परंपरा से जोड़ते हैं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। विधायक ने कहा कि हम सबको कृष्ण के मार्ग का अनुसरण कर समाजहित और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

**आस्था व एकता का परिचायकः सिन्हा**

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि भव्य कलश यात्रा और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समाज की आस्था और एकता का परिचायक है। नगर पालिका परिवार सदैव ऐसे आयोजनों के साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष ठेठवार यादव समाज,परमानंद यदु नरोत्तम यदु अंजोर सिंह यदु राममिंग यादव, जितेन्द्र यदु ,डॉ. वी पी यदु पार्षद निखित साहू, डॉ. धनेश यदु, संतोष यदु सरोज यदु शत्रुहन यदु विधुरी यदु भागीरथी यदु दीपक यदु, दीनबंधु यदु उदय राम यादव जी कु. प्रीति जितेन्द्र यदु सरपंच बसनी गौरव यदु सहित समस्त यादव ठेठवार समाज के समाजिकबंधु भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता नगरवासी उपस्थित रहे ।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में बैठक, की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नेशनल लोक अदालत के 13 सितम्बर को सफलतापूर्वक आयोजन के लिए वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

- आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों का निराकरण करने प्रोत्साहित किया

उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग करा कर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित किया। पूर्व में चिन्हांकित प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा प्रकरणों में अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। राजीनामा योग्य प्रकरणों में विशेष कर धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम प्रकरण एवं दांडिक प्रकरणों में पीड़ित पक्षकार के साथ प्री-सिटिंग कर प्रकरण को आपसी सुलह समझौते से शांतिपूर्ण निपटारे हेतु प्रेरित किया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकव्हरी प्रकरण, सिविल प्रकरणों, पारिवारिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना हैं। पूर्व के नेशनल लोक अदालत की भांति इस बार भी अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। उक्त बैठक में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण के साथ चर्चा की गई।

## मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति करेगी पांच सौ जरुरतमंद बच्चों का सम्मान




- दसवीं और बारहवीं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों का होगा सम्मान
- इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है।

इसके तहत दसवीं औरबारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

## वूमेन फॉर ट्री योजना का शुभारंभ विधायक साहू ने किया पौधारोपण

**साजा।** नगर पंचायत साजा में छत्तीसगढ़ शासन की 'वूमेन फॉर ट्री' योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत साजा के गोंड तालाब और खेल मैदान में कुल 580 पौधे लगाए जाएंगे। खेल मैदान में 280 और गोंड तालाब में 300 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

22 अगस्त को साजा के विधायक ईश्वर साहू ने खेल मैदान में पौधारोपण कर इस महत्वपूर्ण कार्य का आगाज किया। यह योजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य नगर पंचायत साजा की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाना और वातावरण को हरा-भरा रखना है। इन पौधों से भविष्य में शुद्ध हवा मिलेगी और शहर का माहौल बेहतर होगा।

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू और नगर पंचायत के कई पार्षद उपस्थित थे। इनके साथ ही, मां सतबहनिया महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।




## मोबाइल-बाइक की खातिर तीन लड़के बने लुटेरे लेकिन पुलिस ने दिखा दिया असली 'सस्पेंस'



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

रात के 3 बजे सुनसान सड़क पर आप बाइक चला रहे हों और अचानक तीन अज्ञात युवक रास्ता रोक लें। दो ने चेहरे पर कपड़ा बाँध रखा हो और तीसरा बाइक खड़ा कर सामने डटा हो। फिर अचानक चमचमाता चाकू निकालकर बोले – बाइक और मोबाइल दे दो वरना अंजाम बुरा होगा। ऐसा ही हुआ झिलगा निवासी गोविंद साहू के साथ।

- 24 हजार की लूट में मोबाइल को भी गिरा बैठे

**24 हजार के लिए लूटकांड!**

गोविंद साहू की बाइक 20 हजार की और मोबाइल 4 हजार का था। यानी कुल कीमत 24 हजार रुपए। लेकिन बदमाशों को लगा मानो कोई बड़ी डकैती डाल दी हो। बाइक लेकर फरार हुए और मोबाइल रास्ते में ही कहीं गिरा बैठे। अब भला ऐसी 'प्रोफेशनल लूट' से ज्यादा दिन छिप पाते क्या? थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने पूरी टीम के साथ आरोपियों की तलाश शुरू की। आखिरकार घेराबंदी कर तीनों को धर दबोचा गया। आरोपियों में वेदप्रकाश वैष्णव उर्फ निलेश (23), मन्नाडोल जिला बिलासपुर, युवराज साहू उर्फ नानू (19), लौदा बाना जिला मुंगेली, सुरीत विश्वकर्मा (20), कपुआ जिला मुंगेली शामिल हैं।

**पूछताछ में तीनों ने कबूला गुनाह**

पूछताछ में तीनों ने कबूल कर लिया कि "हाँ साहब, वही लूट हमीं ने की थी।" और फिर असली कहानी बाहर आई – बाइक जरहागांव थाने में पहले से जब्त हो चुकी है और मोबाइल लूट के बाद कहीं गिरकर गुम हो गया। पुलिस ने आरोपियों से स्टील का चाकू बरामद कर लिया है। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जहाँ अब इन्हें लूट का मज़ा छोड़कर जेल का खाना नसीब होगा।

**पकड़ने में इनका रहा योगदान**

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव, एएसआई यागेश्वर देशमुख, आरक्षक बालमुकुंद सिंह, रूपेन्द्र वर्मा, संजय साहू सहित पूरी टीम ने मिलकर कामयाबी हासिल की।

## युवक का अश्लील वीडियो वायरल कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने युवक का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और युवक को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मामला बीते जून महीने का है। 13 जून को अमर सिंह निवासी शांति नगर भिलाई ने वैशाली नगर थाने में अपने भाई हरविंदर सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिन ने मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान उन्हें जीआरपी से जानकारी मिली की हरविंदर ने रेलवे ट्रैक के सामने कूदकर जान दे दी है। पुलिस ने मर्ग डायरी को जांच में लेकर मृतक हरविन्दर सिंह के भाई अमर सिंह का कथन लिया।

### पदोन्नति के साथ बढ़ता है उत्तरदायित्वः एसपी

# उप निरीक्षक मयंक मिश्रा बने निरीक्षक स्टार लगा पद पर किया गया पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले में पदस्थ उप निरीक्षक मयंक मिश्रा को स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया।

इस मौके पर एसएसपी ने पदोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसएसपी श्री साहू ने कहा कि निरीक्षक पद पर पदोन्नति के साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ जाता है। ऐसे में विभाग को विश्वास है कि निरीक्षक मिश्रा अपनी निष्ठा, ईमानदारी और दक्षता से जिले की कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी सहित जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं सभी ने पदोन्नत निरीक्षक को बधाई दी और आगे भी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम में मुख्य लिपिक हरिओम विश्वकर्मा, प्रदीप देशमुख, स्टेनो अजय देवांगन, संतोष सोनवानी, महेन्द्र भुआर्य, प्रवीण लोहले, दीपक गर्जेलवाल, एसएसपी रीडर विष्णु सप्रे, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे तथा निरीक्षक मयंक मिश्रा के परिवारजन भी मौजूद थे।



